प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–27.02.2023 (सं0–134)

समस्तीपुर जिला अन्तर्गत लूट की घटना सहित दर्जनों काण्डों में फरार चल रहे जिले के टॉप 10 में एक अपराधी ऋषि राय की छत्तोससढ से गिरफ्तारी

- पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर के निर्देशन में जिले के टॉप 10 अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु गठित विशेष टीम के द्वारा लगातार दूसरे राज्यों में ठिकाना लिये जिले के वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी किया जा रहा है।
- इसी क्रम में लूट डकैती एवं आर्म्स एक्ट के दर्जनों काण्डों में वांछित अभियुक्त ऋषि राय के छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में छिपे होने की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुये छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में पहुंची टीम द्वारा आसूचना संग्रह तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर रायपुर जिले ऋषि राय को गिरफ्तार किया गया है।
- गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा दिनांक 03.01.2023 को मुसरीघरारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत हुये लूट कांड एवं ताजपुर थाना अन्तर्गत वर्ष 2022 के मई महीने में हुये लूट काण्डों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की गई है।

xxxxxxxxx